।। विद्या सर्वस्य भूषणम ।।

PRABODHAN EDUCATION SOCIETY'S

Vidya Prabodhini College of Commerce, Education, Computer & Management

Vidyanagar, Alto-Parvari, Goa

S.Y.B.A.B.Ed. SEMESTER END EXAMINATION – OCTOBER 2017 (Regular)

Sub: Hindi (Elective)काव्य, कथा-साहित्य, अनुवाद एवं व्याकरण (HNE-03) Semester: III

M. Marks:70 **M. Time: 2 Hours**

सुचनाएँ :

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2) प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नये पन्ने पर ही शुरू करें।
3) प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
4) दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

****

प्र.1.अ. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के लघु उत्तर लिखिए। **(2x5=10)**

1. दयानाथ के स्वभाव पर प्रकाश डालिए ?
2. रमानाथ ने प्रयाग क्यों त्यागा ?
3. जोहरा के माध्यम से प्रेमचंद ने किस समस्या पर प्रकाश डाला है ?
4. रतन के अनुसार वकील साहब को किस बात की चिन्ता थी ?

आ. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी प्रतिशब्द दीजिए। **(10x½=05)**

1. SENIOR 3. EMPLOYEE - 5.CRIMINAL 7. PRINCIPAL 9.EXISTANCE
2. OFFICE 4. ADMINISTRATION 6. CHAIRMAN 8.CONCLUSION 10.CONSTITUTION

प्र.2.अ. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के लघु उत्तर लिखिए। **(2x5=10)**

1. विद्यापति ने कृष्ण के सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ?
2. कवयित्री महादेवी जी 'दुर्दिन के हाथों में, लज्जा की करूणा' देखकर क्यों विचलित होती है ?
3. शिक्षा के महत्व को कवि ने किस प्रकार बताया है ?
4. 'घिन तो नहीं आती है' कविता के माध्यम से कवि ने क्या बताया है ?

आ. निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी प्रतिशब्द दीजिए। **(10x½=05)**

1. सयुक्त 3. मानपद 5.सकारात्मक 7.शब्दकोश 9.दीर्घावकाश
2. प्रत्यक्ष 4. पत्राचार 6. नगरपालिका 8.अस्तित्व 10. उद्योग

प्र.3.निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

i. 'अरे भले आदमी, इतना तो लिख दो कि मैं यहाँ कुशल से हूँ। घर से भाग आए थे, उन लोगों को कितनी चिन्ता हो रही होगी ! **(05)**

अथवा

ii. 'कोई जरा भी शरारत करे, तो ठोकर मारना। बस, कुछ पूछना मत। ठोकर जमाकर तब बात करना। (कमर से एक छुरी निकालकर) इसे अपने पास रख लो। कमर में छिपाये रखना।' **(05)**

प्र.3.आ.i) पुनि ओहि कोउ न छाड़ अकेला। सोरह सहस कुँवर भए चेला ॥ **(05)**

और गनै को संग सहाई। महादेव मढ़ मेला जाई ॥

सूरज परस दरस की ताईं। चितवै चाँद चकोर की नाई ॥

अथवा

ii) सरस ताम रस गर्भ विभा पर-नाच रही तरूशिखा मनोहर। **(05)**

छिटका जीवन हरियाली पर-मंगल कुंकुम सारा।

प्र.4.अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 300-400 शब्दों में लिखिए। **(10)**

'गबन' उपन्यास में मध्यवर्गीय समाज का यथार्थ चित्रण प्राप्त होता है – स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्र.4.आ. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। **(5+5=10)**

1. जालपा का चरित्र-चित्रण।

2. देवीदीन की देशभक्ति।

प्र.5.अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 300-400 शब्दों में लिखिए। **(10)**

विद्यापति ने वसंत का वर्णन किस प्रकार किया है ?

अथवा

प्र.5.आ. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। **(5+5 =10)**

1.जायसी व्दारा वर्णित पद्मावती का केश सौंदर्य।

2.'अरूण यह मधुमय देश हमारा' कविता का भावार्थ।

प्र.6.अ. निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षेपण कीजिए। **(05)**

हमारे देश में दहेज प्रथा सबसे बुरी प्रथा है। प्राचीन समय में माँ-बाप लड़की को कुछ उपहार देते थे, आज उसी उपहार को दहेज का नाम दे दिया गया है। अगर गरीब माँ-बाप के पास दहेज देने के लिए पैसे नहीं होते, तो वे अपनी लड़की की शादी नहीं करा पाते। अगर वे किसी से कर्ज लेकर शादी कराते हैं, तो वे हमेशा वह कर्ज नहीं उतार पाते। वहाँ ससुराल में लड़की को कम दहेज लाने की वजह से रोज़ ताने सुनने पड़ते हैं। इसी वजह से लड़की के पैदा होते ही माँ-बाप परेशान हो जाते थे और उसी दिन से उसके दहेज के लिए पैसे जमा करना शुरू कर देते थे। समाज में प्रत्येक व्यक्ति का यह सोचना है कि अगर हम अपनी लड़की को दहेज देंगे, तो लड़के की शादी में कन्या पक्ष से दहेज लेंगे। लेकिन यह सोचना ठीक नहीं अगर सब लोगों की ऐसी ही धारणा रही, तो दहेज प्रथा कभी समाप्त नहीं होगी।

आ . निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद-लेखन कीजिए। **(05)**

1. .बढ़ते अपराध के विषय पर दो मित्रों में बातचीत।
2. कक्षा में अनुपस्थिति से संबंधित अध्यापक की विद्यार्थी से बातचीत।

.... **समाप्त** ....